# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन कहा– ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेशों में बढ़ी है ब्रम्होस मिसाइल की मांग : लखनऊ से भी होगा इसका निर्यात।
2. एक्सिओम–4 मिशन पर गये लखनऊ के रहने वाले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने दल के साथ कल धरती पर वापसी की यात्रा करेंगे शुरू।
3. कल श्रावण मास के पहले सोमवार को लेकर प्रदेश भर के शिव मंदिरों में विशेष तैयारियां : कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा और यातायात के किये गय पुख्ता इंतजाम।

और

4. प्रदेश में रूक–रूक कर मध्यम से तेज वर्षा जारी : बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई जनपदों में बाढ़ जैसे हालात।

———————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेशों में ब्रह्मोस मिसाइलों की माँग बढ़ी है। अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज नेशनल पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्ता की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद रक्षा मंत्री ने कहा कि 14 देशों ने ब्रह्मोस मिसाइल की माँग की है और लखनऊ से इसका निर्यात भी किया जाएगा। इससे राज्य में रोज़गार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

बाइट.....

*देखा होगा जो आपरेशन सिंदूर हुआ, उस आपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस ने करिश्माई काम किया है और इतना ही नहीं, ब्रह्मोस मिसाईल ने जो करिश्मा दिखाया है, उसके बाद दुनिया के लगभग 14–15 देशों ने भारत से ब्रह्मोस मिसाईल की मांग की है। ब्रह्मोस मिसाईल अब लखनऊ से भी एक स्पोर्ट की जाएगी। यह फैसल्टी रक्षा शेत्र में मैं समझता हूँ, हमारे देश की जो हमारी आत्मनिर्भरता है, उसको मजबूती देगी और साथ ही इससे रोजगार का भी सृजन होगा और मेरा प्रयास यही है कि यहां और इंडस्ट्री भी आएं, ताकि लखनऊ के साथ–साथ प्रदेश का भी तेजी से विकास हो।*

इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने चंद्रभानु गुप्ता के सम्मान में एक डाक टिकट भी जारी किया। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की प्रशंसा करते हुए राजनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज अपनी कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता है। मुख्यमंत्री विकास की नई कहानी भी लिख रहे हैं। देश के विकास में राज्य का योगदान बढ़ा है।

————————

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को इस बारे में एक पत्र लिखा है। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों का दायित्व है। श्री चौहान ने राज्यों से दोषियों का लाइसेंस रद्द कर प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा है।

————————

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम–4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी यात्रा कल शुरू होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये सभी अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे पृथ्वी पर वापस आ जाएंगे। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 14 दिन के मिशन पर हैं। वे इस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय और 1984 में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। इस यात्रा के दौरान, ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने भारत से संबंधित सात प्रयोग किए। शुभांशु के

पिता शम्भू शुक्ला ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे बेहद उत्साहित हैं। बाइट...

*जिसके लिए हम लोग इतने दिनों से इंतजार कर रहे थे। अब वह जो वापसी हो रही है हम लोगों को बहुत ही खुशी है और बहुत प्रसन्न है कि जल्दी से जल्दी वह वापस आ जाय। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह जो सक्सल जो है पृथ्वी पर आसानी से उनका वापस हो, यह हमारे लिए बड़ी खुशी का दिन है।*

————————

पर्यटन विभाग प्रदेश के 11 पुराने किलों और विरासत भवनों को भव्य पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करेगा। एजेंसियों के माध्यम से किलों और विरासत भवनों के पुनरोद्धार के लिए अनुरोध प्रस्ताव आमंत्रित किया है। ये काम पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप–पीपीपी के तहत होगा। ये 11 विरासत स्थल बुंदेलखंड, लखनऊ, गोण्डा, कानपुर और मथुरा में मौजूद हैं। यह सभी स्थल अपने खास वास्तुकला और इतिहास की कहानियों के लिए मशहूर हैं। इनका पुनरोद्धार करके इन्हें होटल, सांस्कृतिक केंद्र या संग्रहालय में बदला जायेगा, जिससे पर्यटक यहां ठहर सकें और इतिहास को करीब से महसूस कर सकें।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

श्रवण मास के पहले सोमवार को लेकर प्रदेश भर के शिव मंदिरों में खास तैयारियां की गई हैं। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में श्रावण के पहले सोमवार को बाबा विश्वनाथ का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों के सुगम दर्शन–पूजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। वाराणसी नगर निगम प्रशासन ने श्रावण माह में मांस और मछली की दुकानें पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया है। एक रिपोर्ट....

*कल सावन का पहला सोमवार है, इस के लिए बाबा विश्वनाथ के दर्शन को शिवभक्तो का सैलाब उमड़ेगा। 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रावण मास के सभी सोमवार को महादेव अलग–अलग रूपों में दर्शन देंगे। सावन के पहले सोमवार को बाबा विश्वनाथ की चल प्रतिमा का पारंपरिक श्रृंगार किया जाता है। इस दिन बाबा अपने पूरे परिवार–माता पार्वती, कार्तिकेय और गणेश जी के साथ दर्शन देते हैं। यह नजारा केवल साल में एक बार ही देखने को मिलता है और इसे देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। इसके लिए मंदिर में तैयारी पूरी कर ली गई है मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी*

वहीं कांवड़ यात्रा श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ जारी है। कल श्रावण मास के पहले सोमवार पर जलाभिषेक

के लिए जिन जिलों से कांवड़ यात्री निकलेंगे वहां प्रशासन ने यातायात, सुरक्षा और शिविर के खास इंतजाम किये हैं।

मेरठ के एस.पी ट्रेफिक राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर जिले को जोन और सेक्टर में बांटा गया है। बाइट...

*मेरठ पुलिस ने व्यापक फूलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था बनाया है, इस संबंध में पूरे जनपद को 6 सुपर जोन, 24 जोन, 68 सेक्टर, 34 सब सेक्टर में विभाजित करके फूलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उनको कोई दिक्कत न हो, आम–जन को कोई परेशानी न हो, इसके लिए यातायात प्रबंधन लागू किया गया है। यातायात की स्कीम लागू की गई है।*

वहीं शाहजहांपुर, शामली, चन्दौली, अम्बेडकरनगर, अमरोहा और उन्नाव सहित विभिन्न जिलों में आज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया गया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस वर्ष महिला कांवड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दस हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी तैनात किये हैं, साथ ही महिला हेल्पडेस्क भो बनाये गये हैं। एक रिपोर्ट..

*पुलिस विभाग की ओर से प्रदेश भर में कांवड़ यात्रा के लिए 66 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, इनमें महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत है। कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों की मदद से शक्ति हेल्प बूथ की भी स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश की सभी क्विक रिस्पांस टीम में महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति को अनिवार्य किया गया है। साथ ही कांवड़ यात्रा मार्ग पर टीम के गश्त को बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रदेश के 11 जोन में बनाये गये विशेष कंट्रोल रूप और चौबीस घंटे सातो दिन हेल्पलाइन नम्बरों को भी महिला पुलिसकर्मियों के माध्यम से मॉनीटर किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

————————

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला आज भी जारी है। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले चौबीस घंटों में फर्रूखाबाद, कन्नौज, इटावा, आगरा और हरदोई में बारिश होने की संभावना है। प्रदेश के अन्य जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान है। बाइट...

*कहीं न कहीं सेन्ट्रल पार्ट में और जो हमारा बुंदेलखण्ड डिवीजन है आगरा डिवीजन वहाँ पर आज मध्यम से भारी बारिश की संभावना हो सकती है और प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में हल्की बूंदा बांदी का सबब जारी रहेगा। उसके बाद जैसा कि आने वाले दिनों में मानसून का फफ अभी जैसे साऊथ में है धीरे–धीरे ये उत्तर की तरफ और नौर्थ की तरफ शिफ्ट होगा आने वाले दिनों में जिससे कि उत्तर–प्रदेश में अभी एक्टिविटी बारिश वाला का जो दौर है वो अभी आगे भी बरकरार रहेगा।*

राज्य में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश और बाधो से पानी छोड़े जाने के कारण कई जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। जिससे निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। बांदा में केन नदी खतरे के निशान से लगभग एक मीटर ऊपर बह रही है जबकि फर्रूखाबाद में गंगा और रामगंगा नदी चेतावनी बिंदु के पास बह रही है, वहीं ललितपुर में बांधों से हजारों क्यूसेक पानी की निकासी किये जाने से इलाके जलमग्न हो गये हैं।

————————

कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के बगही कुटी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई, जिससे कार सवार 4 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 2 अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों के समुचित उपचार का निर्देश दिया है।

————————